रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO D L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 261] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 16, 2000/कार्तिक 25, 1922
No. 261] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 16, 2000/KARTIKA 25, 1922

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 नवम्बर, 2000

प्रारंभिक निष्कर्ष

विषय : सऊदी अरब, इरान, जापान, यू एस ए और फ्रांस से सोडियम हाइड्रोक्साइड जिसे आमतौर पर कास्टिक सोडा के रूप में जाना जाता है, के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जाँच

56/1/99 डी जी ए डी.—वर्ष 1995 में यथा संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियम, 1995 को ध्यान में रखते हुए :

(क) प्रक्रिया

1. जाँच के प्रयोजन से नीचे उल्लिखित प्रक्रिया का पालन किया गया है :

(i) निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद प्राधिकारी भी कहा गया है) को उपर्युक्त नियमों के अंतर्गत याचिकाकर्त्ता मै. अल्कली मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ए एम ए आई) से घरेलू उद्योग की ओर से एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें सऊदी अरब, इरान, जापान, यू एस ए, फ्रांस, इंडोनेशिया और पाकिस्तान के मूल के या वहाँ से निर्यातित सोडियम हाइड्रोक्साइड जिसे आमतौर पर कास्टिक सोडा के रूप में जाना जाता है (जिसे इसके बाद संबद्ध वस्तु भी कहा गया है) के पाटन का आरोप लगाया गया था।

(ii) याचिकाकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन की प्रारंभिक संवीक्षा से कुछेक कमियों का पता चला था, जिन्हें बाद में याचिकाकर्त्ता द्वारा दूर कर दिया गया था। इस प्रकार याचिका को उचित रूप से प्रलेखित माना गया था।

(iii) प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर सऊदी अरब, इरान, जापान, यू एस ए और फ्रांस (जिन्हें इसके बाद संबद्ध देश कहा गया है) से संबद्ध वस्तु के आयातों के विरुद्ध जाँच शुरू करने का निर्णय लिया। इन्डोनेशिया से हुए संबद्ध वस्तु के आयात निर्धारित सीमा से कम पाए गए थे और याचिकाकर्त्ता ने पाकिस्तान से हुए

संबद्ध वस्तु के आयातों के बारे में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए थे और इसलिए दोनों संबद्ध देशों को मौजूदा पाटनरोधी जॉच के दायरे से बाहर रखा गया था । प्राधिकारी ने नियमावली के उप-नियम 5(5) के अनुसार जाँच शुरू करने की कार्रवाई से पहले पाटन के आरोप की प्राप्ति के बारे में सऊदी अरब, इरान, जापान, यू एस ए और फ्रांस के नई दिल्ली स्थित दूतावासों को सूचित किया।

(iv) प्राधिकारी ने दिनांक 26.5.2000 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया जिसके द्वारा सऊदी अरब, इरान, जापान, यू एस ए और फ्रांस के मूल के या वहॉ से निर्यात किए गए सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची- I के सीमाशुल्क कोड 2815.11 और 2815.12 के अंतर्गत वर्गीकृत संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जॉच शुरू की गई थी।

(v) प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की प्रति सभी ज्ञात निर्यातकों (जिनका ब्यौरा याचिकाकर्त्ता द्वारा उपलब्ध करवाया गया था) और उद्योग एसोसिएशनों को भेजी और नियम 6(2) के अनुसार उन्हें लिखित रूप में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया।

(vi) प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु के सभी ज्ञात आयातकों (जिनके ब्यौरे याचिकाकर्त्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को सार्वजनिक सूचना की एक-एक प्रति भेजी और उन्हें सलाह दी कि इस पत्र के जारी होने की तारीख से चालीस दिनों के भीतर लिखित रूप में अपने विचारों से अवगत कराएं।

(vii) केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सी बी ई सी) से भी अनुरोध किया गया कि जाँच की अवधि सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में किए गए संबद्ध वस्तु के आयातों के ब्यौरे प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जाए।

(viii) प्राधिकारी ने उक्त नियम 6(3) के अनुसार याचिका की प्रति ज्ञात निर्यातकों और संबद्ध देशों के दूतावासों को उपलब्ध की । याचिका की प्रति अन्य हितबद्ध पार्टियों, जहॉ कहीं अनुरोध किया गया, को भी उपलब्ध करवाई गई थी।

(ix) प्राधिकारी ने नियम 6(4) के अनुसार संगत सूचना माँगने के लिए निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों को प्रश्नावली भेजीः

1. मै0 डोव केमिकल्स कं0, यू एस ए
2. मै0 मित्सुई एंड कं0 लिमि., जापान
3. मै0 एस ए बी आई सी, सऊदी अरब
4. मै0 एल्फ एटोकेम, फ्रांस
5. मै0 सिराज क्लोर अल्काली, इरान
6. मै0 बन्दार इमाम प्रोजेक्ट, इरान

(x) संबद्ध देशो के नई दिल्ली स्थित दूतावासों को इस अनुरोध के साथ नियम 6(2) के अनुसार जॉच शुरू करने के संबंध में सूचना दी गई थी कि वे अपने-अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को प्रश्नावली का निर्धारित समय के भीतर उत्तर देने की सलाह दें । निर्यातकों को भेजे गए पत्र, याचिका और प्रश्नावली की प्रति ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की सूची सहित संबद्ध देशों को भी भेजी गई थी।

(xi) नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मॉगने के लिए संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपयोक्ता एसोसिएशनों को एक प्रश्नावली भेजी गई थीः

1. मै0 अभय कैमिकल्स लिमि., बड़ौदा
2. मै0 अलब्राइट विलसन केमिकल लिमि., मुम्बई
3. मै0 अरविन्द मिल्स लिमि., अहमदाबाद
4. मै0 बिड़ला सेल्यूलोज लिमि., भरूच
5. मै0 सेन्ट्रल पल्प मिल्स लिमि., दिल्ली
6. मै0 दीपक नाइट्राइट लिमि., नन्देसरी
7. मै0 गोदरेज सोप्स लिमि., मुम्बई
8. मै0 गुजरात इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड, बडोदरा
9. मै0 गुजरात नर्मदा फर्टिलाइजर्स कं0 लिमि., भरूच
10. मै0 गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एंड कैमिकल्स लिमि., बडोदरा
11. मै0 हिन्दुस्तान लीवर लिमि., मुम्बई
12. मै0 आई सी आई इंडिया लिमि., वलसाड
13. मै0 इंडियन फारमर फर्टिलाइजर्स कोआप. लिमि., गांधीनगर
14. मै0 इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमि., बडोदरा
15. मै0 इंडियन पेट्रोकैमिकल्स कारपोरेशन लिमि., बडोदरा
16. मै0 जयसिन्थ डाइकैम लिमि., मुम्बई
17. मै0 लिन्क फार्मा लिमि., बड़ौदा
18. मै0 मेघमणि आर्गेनिक्स लिमि., अहमदाबाद
19. मै0 नर्मदा केमाटर पेट्रोकैमिकल्स लिमि., भरूच
20. मै0 निरमा लिमि., अहमदाबाद
21. मै0 पी ए बी केमिकल्स (प्रा0) लिमि., बड़ौदा
22. मै0 रामा न्यूज प्रिन्ट्स एंड पेपर्स लिमि., सूरत
23. मै0 रूबामिन लिमि., बड़ौदा
24. मै0 सबेरो ऑर्गेनिक्स लिमि., मुम्बई
25. मै0 टोरेन्ट गुजरात वायो-टेक लिमि., बड़ौदा
26. मै0 ट्रांसपेक इंडस्ट्रीज लिमि., बड़ोदरा

प्रश्नावली/अधिसूचना का उत्तर/सूचना निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत की गई थीः-

1. मै0 डोव कैमिकल्स कं0, यू एस ए
2. मै0 मित्सुई एंड कं0 लिमि., जापान
3. मै0 सऊदी पेट्रो कैमिकल्स कं0 (एस ए डी एफ), सऊदी अरब और

उसके सहयोगी निर्यातक मै0 सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कॉर्पो0 (एस ए बी आई सी), सऊदी अरब ।

प्रश्नावली/अधिसूचना का उत्तर/सूचना निम्नलिखित आयाताकों/उपयोक्ता एसोसिएशनों द्वारा प्रस्तुत की गई थीः

1. मै0 नेशनल अल्युमिनियम कं0 लिमि., (नाल्को)
2. मै0 ट्रांसपेक इंडस्ट्री लिमि.
3. मै0 दीपक नाइट्राइट लिमि.

(xii) याचिकाकर्त्ता(ओं) से क्षति और विचाराधीन उत्पाद के बारे में अतिरिक्त सूचना मांगी गई थी जो उन्होंने प्रस्तुत भी कर दी थी । याचिकाकर्त्ता द्वारा क्षति और उत्पादन लागत के बारे में सूचना उपलब्ध करवायी गई थी;

(xiii) प्राधिकारी ने सार्वजनिक फाइल के रूप में विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के अगोपनीय अंश को उपलब्ध रखा और उसे हितबद्ध पार्टियों द्वारा निरीक्षण के लिए खुला रखा;

(xiv) सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जी ए ए पी) तथा याचिकाकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तु की ईष्टतम उत्पादन लागत, निर्माण तथा उसकी बिक्री लागत निकालने के लिए लागत संबंधी जाँच भी की गई थी । निम्नलिखित घरेलू उत्पादकों के लागत संबंधी आंकड़ों पर विचार किया गया और उनका विश्लेषण किया गया थाः-

1. मै0 डी सी डब्ल्यू लिमिटेड, तमिलनाडु
2. मै0 श्रीराम अल्कालीज एंड केमिकल्स, नई दिल्ली
3. मै0 दि आन्ध्रा सुगर्स लिमि., आन्ध्र प्रदेश
4. मै0 पंजाब अल्कालीज एंड कैमिकल्स लिमि., चंडीगढ़
5. मै0 गुजरात अल्कालीज एंड कैमिकल्स लिमि., बड़ोदरा
6. मै0 एस आई ई एल कैमिकल काम्प्लैक्स, नई दिल्ली
7. मै0 सर्च कैम इंडस्ट्रीज लिमि., भरूच
8. मै0 बिहार कॉस्टिक
9. मै0 जयश्री कैमिकल्स लिमि., कलकत्ता
10. मै0 इंडियन रेयान
11. मै0 ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमि., नागदा, म.प्र.

12. मै0 स्टेन्डर्ड अल्क लीज़

(xv) इस अधिसूचना में **** किसी हितबद्ध पार्टी द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का द्योतक है और प्राधिकारी ने नियमों के अधीन उसे गोपनीय ही माना है ।

(xvi) जांच अप्रैल, 1998 से शुरू होकर सितम्बर, 1999 (18 माह) की अवधि/जांच अवधि की अवधि के लिए की गई थी ।

(xvii) कुछेक हितबद्ध पार्टियों के अनुरोध पर प्राधिकारी द्वारा सूचना प्रस्तुत करने की अवधि को भी 23.7.2000 तक बढ़ा दिया गया था ।

ख. निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पार्टियों के विचार

1. याचिकाकर्त्ता के विचार

(क) विचाराधीन उत्पाद के संबंध में

(i) सोडियम हाइड्रोक्साइड, जिसे आमतौर पर कास्टिक सोडा के रूप में जाना जाता है, एक अकार्बनिक, साबुनी, अत्यन्त क्षारीय और गन्धहीन रसायन है । इसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में होता है जैसे कि लुग्दी और कागज के विनिर्माण, अखबार, चिपचिपा यार्न, स्टेपल फाइबर, अल्यूमीनियम, कपास, वस्त्र, प्रसाधन व धुलाई साबुन, अपमार्जक, रंजक, औषध एवं भेषज, पेट्रोलियम शोधन इत्यादि । कास्टिक सोडा का उत्पादन दो रूपों अर्थात् द्रव और ठोस रूप में होता है और यह सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 28 के अधीन वर्गीकृत हैं । इसे अगेऔर अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार वर्गीकरण (एकीकृत वस्तु विवरणी और कोडिंग प्रणाली पर आधारित) के अनुसार शीर्ष 2815.11 और 2815.12 के अधीन वर्गीकृत किया गया है ।

(ख) घरेलू उद्योग के संबंध में

(i) मै0 अल्क लीज मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ए एम ए आई) घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करती है । भारत में कास्टिक सोडा के लगभग 42 घरेलू विनिर्माता हैं । इस याचिका का 12 घरेलू उत्पादकों ने स्पष्ट तौर पर समर्थन किया है । याचिकाकर्त्ता कंपनियों का जांच अवधि में सम्बद्ध वस्तु के घरेलू उत्पादन के 50 % से अधिक का हिस्सा बनता है ।

(ख) समान वस्तु के संबंध में

(i) कास्टिक सोडा के लिए कोई व्यवहार्य स्थानापन्न नहीं है ।

(ii) कास्टिक सोडा तीन प्रक्रियाओं द्वारा उत्पादित किया जाता है अर्थात् मरकरी सैल, डायफ्रेम तथा मैम्ब्रेन सैल प्रक्रिया । प्रक्रिया में अंतर का अभिप्राय यह नहीं है कि इसके भौतिक और रासायनिक गुणधर्मों, उत्पाद विनिर्देशनों, विपणन, कीमत निर्धारण, उपभोक्ता अवधारणाओं, टैरिफ वर्गीकरण इत्यादि के संबंध में उत्पाद में कोई अंतर है । ये तीनों प्रौद्योगिकियाँ भारत में उद्योगों द्वारा कास्टिक सोडा के विनिर्माण के लिए उपयोग की जा रही हैं । तथापि मरकरी सैल प्रौद्योगिकी और मैम्ब्रेन सैल प्रौद्योगिकी का भारत में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है । इसके अलावा, इन तीनों प्रक्रियाओं द्वारा उत्पादन करने में कोई खास अंतर नहीं है । भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित और सम्बद्ध देशों से आयातित कास्टिक सोडा में ऐसा कोई अन्तर नहीं है जिसका कीमत पर कोई प्रभाव पड़ता हो । ये दोनों उत्पाद तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और उपभोक्ता उनका एक दूसरे के स्थान पर उपयोग करते हैं ।

(iii) घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु सम्बद्ध देशों से उत्पादित, वहॉ के मूल की अथवा वहॉ से निर्यातित वस्तु के समान वस्तु है ।

(घ) **पाटन के संबंध में**

(i) 115 अमरीकी डालर/मी0 टन की निर्यात कीमत की कारखाना-गत प्राप्ति लगभग 55 अमरीकी डालर/मी0 टन बनती है और इसे किसी भी प्रकार से उत्पादन लागत को वसूल करने के लिए पर्याप्त नहीं माना जा सकता । निःसंदेह सम्बद्ध देशों के विदेशी उत्पादकों ने भारतीय बाजार में कास्टिक सोडा का पाटन किया है ।

(ड) **क्षति के संबंध में**

(i) कास्टिक सोडा का उत्पादन भारत में लगभग 42 कंपनियों द्वारा किया जाता है । देश इस विशिष्ट सामग्री की अपनी आवश्यकता को पूरा करने में काफी हद तक सक्षम है ।

(ii) निर्यात बिक्री में तेजी से आई गिरावट के कारण आयातों की पहुॅच कीमत, जो कि बाजार में उचित कीमत से पहले ही कम चल रही थी, उद्योग की बिक्री कीमत से काफी कम हो गई है ।

(iii) जांच अवधि के दौरान निर्यात कीमत में अत्यधिक गिरावट आई है ।

(iv) यद्यपि बिक्रियों में वृद्धि हुई है तथापि उन कीमतों, जिन पर घरेलू उद्योग अपने उत्पाद की बिक्री कर रहा है, के साथ-साथ कीमत में कटौती, कीमत में कमी तथा कीमत में कमी के उस प्रभाव को भी देखना होगा जो पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग पर डाला है । सम्बद्ध देशों से हुए आयातों की पहुॅच कीमतें भारतीय उद्योग की बिक्री कीमतों से काफी कम हैं

जिसके परिणामस्वरूप कीमतों में भारी कटौती की गई है । सम्बद्ध देशों से हुए आयातों के पाटन के कारण घरेलू उद्योग को बिक्री की हानि हुई है ।

(v) भारतीय उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है जैसा कि भारतीय बाजार में बिक्री कीमत में हुई कमी से देखा जा सकता है । आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों में भारी कटौती हो रही है ।

(vi) घरेलू उद्योग अपना बाजार और बाजार हिस्सा खो रहा है ।

(vii) कास्टिक सोडा उद्योग ने देश में बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया है । इस उद्योग में आई किसी रूग्णता से रोजगार पर बुरा असर पड़ेगा ।

(viii) भागीदार कंपनियों की लाभप्रदत्ता इन वर्षों में घट गई है और घाटे में तेजी से बढ़ोतरी हुई है ।

(ix) कास्टिक सोडा की मांग निरन्तर बढ़ती रही है तथा पिछले पांच वर्षों में इसमें काफी अधिक वृद्धि दर्ज हुई है ।

(x) संबद्ध देशों से इतर देशों से कास्टिक सोडा के आयात लगभग नगण्य या न्यूनतम अथवा घरेलू उद्योग को क्षति न पहुँचाने वाली कीमत पर हुए हैं ।

(xi) पहले ये आयात केवल अग्रिम लाइसेंस के अंतर्गत किए जाते थे और अब ये घरेलू मांग के अनुसार किए जा रहे हैं ।

2. निर्यातकों के विचार

पाटन के संबंध में

(क) मै0 डोव कैमिकल्स कंपनी, यू एस ए ने निम्नानुसार अनुरोध किया है ।

(i) मै0 डोव ने जांच अवधि के दौरान अगस्त, 1999 में भारत को कास्टिक सोडा की केवल एक निर्यात बिक्री की थी । चूँकि तुलना व्यापार के उसी स्तर, सामान्यतया कारखाना स्तर पर की जानी है, इसलिए मै0 डोव कैमिकल्स कंपनी ने केवल अगस्त, 99 के महीने के लिए बाजार बिक्री के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं ।

(ii) मै0 डोव कैमिकल्स ने समान पण्य वस्तु के लिए अपनी घरेलू बाजार कीमत से उच्च कीमत पर भारत को बिक्री की है ।

(ख) मै0 रोडिया (मै0 अलब्राइट एण्ड विल्सन अमेरिका इंक) यू एस ए ने निम्नानुसार अनुरोध किया है:-

(i) मै0 रोडिया ने जांच अवधि के दौरान भारत को कास्टिक का निर्यात नहीं किया है । इसके अलावा वे कास्टिक सोडा के उत्पादक और विक्रेता नहीं है बल्कि उसके क्रेता और उपभोक्ता हैं ।

(ग) सऊदी अरब में कास्टिक सोडा के उत्पादक मै0 सऊदी पेट्रो कैमिकल कंपनी (एस ए डी ए एफ) और मै0 सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन (एस ए बी आई सी) सऊदी अरब के कास्टिक सोडा के सहयोगी निर्यातक ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं और सूचना प्रस्तुत की है:-

(i) उत्पादक और निर्यातक, दोनों ने जांच अवधि के दौरान भारत को किए गए निर्यातों और घरेलू बाजार में की गई बिक्रियों के ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं ।

(ii) सऊदी अरब में दो प्रकार की घरेलू बिक्रियों की जाती हैं अर्थात एक प्रकार की बिक्री *** /मी.टन से ***/मी.टन के रेंज में ट्रक भारों में लघु उपभोक्ताओं को की जाती है तथा दूसरे प्रकार की बिक्री में ऐसे थोक खरीददारों की आपूर्ति शामिल होती है जिनकी जरूरत पाइप लाइन से पूरी होती है और जो ***/मी.टन की रेंज में होते हैं । घरेलू उद्योग में अकेले पाइप लाइन ग्राहकों को की गई आपूर्ति की मात्रा की तुलना भारत में खरीददारों को आपूर्ति की गई समान मात्रा से किए जाने की जरूरत है । पाइप लाइन उपभोक्ताओं के साथ कीमत निर्धारण संबंधी व्यवस्था इस तरह से की जाती है कि उससे तुलनात्मक घरेलू और निर्यात बाजारों के बीच कीमत संबंधी कोई भेदभाव न रहे ।

(क) मै0 मित्सुई एण्ड कंपनी लि0, जापान ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं -

पाटन के संबंध में

(i) हम संबद्ध वस्तु के उत्पादक/विनिर्माता नहीं है किन्तु उसके निर्यातक व्यापारी हैं ।

(ii) निर्यातक ने सहायक नमूना साक्ष्य के साथ जांच अवधि के दौरान उनके द्वारा समायोजनों सहित भारत को किए गए निर्यातों के ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं ।

(ड) अन्य संबद्ध देशों अर्थात् फ्रांस और इरान के किसी भी उत्पादक या निर्यातक ने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है ।

3. आयातकों और उपयोक्ता एसोसिएशन के विचार

पाटन के संबंध में

(क) मै0 नाल्को ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं -

(i) घरेलू उद्योग इस स्थिति में नहीं है कि वह हमारी जरूरतों को पूरा कर सके और इसलिए हमे कास्टिक सोडा का आयात करना पड़ रहा है ।

(ii) कास्टिक सोडा की खरीद के लिए हम प्रत्येक दूसरे वर्ष वैश्विक प्रेस निविदा जारी करते हैं।

(iii) आयातक ने जांच अवधि के दौरान उनके द्वारा संबद्ध देशों से किए गए संबद्ध वस्तु के आयातो के ब्यौरे और सहायक नमूना साक्ष्य के साथ निर्धारित प्रारूप के अनुसार अन्य ब्यौरे उपलब्ध कराए हैं ।

(ग) मै0 ट्रांसपेक इंडस्ट्री लि0 ने निम्नानुसार अनुरोध किए हैं -

क्षति के संबंध में

(i) हमें अल्क-लीज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा कास्टिक सोडा पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बारे में अनुरोध में कोई औचित्य दिखाई नहीं देता है । वस्तुतः एसोसिएशन का देश में कास्टिक सोडा और क्लोरिन दोनों की कीमतों पर दबदबा रहता है ।

(ii) देश में आयात किए गए कास्टिक सोडा द्रव की मात्रा घरेलू उद्योग की तुलना में काफी कम है ।

(iii) घरेलू उद्योग माने गए निर्यातों के अंतर्गत कास्टिक सोडा की पेशकश नहीं करता है जिससे उपभोक्ताओं के पास अपने उत्पादों के निर्यात के लिए निविष्टियों के आयात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है ।

(iv) पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से कास्टिक सोडा के घरेलू उपयोक्ताओं को निश्चित रूप से नुकसान उठाना पडेगा और इससे उनका उत्पाद अव्यवहार्य बन जाएगा ।

(v) फर्म ने जांच अवधि के दौरान किए गए आयातों के ब्यौरे निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार उपलब्ध कराए हैं ।

(ग) **मै. दीपक नाइट्राइट ने निम्नलिखित अनुरोध किया है:**

(i) फर्म ने जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों अर्थात सऊदी अरब और फ्रांस से आयातित कास्टिक सोडा द्रव के ब्यौरे सहायक नमूना साक्ष्य के साथ प्रस्तुत किए हैं ।

(ग) **प्राधिकारी द्वारा जांच**

निर्यातकों, आयातकों, याचिकाकर्त्ता और अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए पूर्वोक्त अनुरोध की उस सीमा तक जांच की गई है और विचार किया गया है जिस सीमा तक नियमानुसार इन्हें संगत पाया गया है तथा जिस सीमा तक ये मामले पर प्रभाव डालते हैं और उन पर इन निष्कर्षों में समुचित स्थान पर कार्रवाई की गई है ।

1. **विचाराधीन उत्पाद**

मौजूदा जांच में विचाराधीन उत्पाद सऊदी अरब, इरान, जापान, यू एस ए और फ्रांस के मूल के या वहां से निर्यातित सोडियम हाइड्रोक्साइड है जो आमतौर पर कास्टिक सोडा के रूप में जाना जाता है । कास्टिक सोडा एक अकार्बनिक, साबुनी, अत्यधिक क्षारीय और गंधहीन रसायन है । कास्टिक सोडा का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में होता है जैसेकि लुगदी और कागज, अखबारी कागज, विस्कोस यार्न, स्टेपल फाइबर अल्यूमिनियम, सूत, वस्त्र, प्रसाधन व धुलाई का साबुन, डिटर्जेंट, रंजक, औषध एवं भेषज के विनिर्माण, पेट्रोलियम शोधन इत्यादि में । कास्टिक सोडा का उत्पादन दो रूपों अर्थात द्रव और ठोस रूप में होता है । मौजूदा जांच में कास्टिक सोडा के सभी रूप शामिल हैं ।

कास्टिक सोडा सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 28 के अधीन वर्गीकृत है । इसे आगे और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वर्गीकरण (सुमेलित वस्तु विवरण और कोडिंग प्रणाली पर आधारित) के अनुसार शीर्ष 2815.11 और 2815.12 के अधीन वर्गीकृत किया गया है । तथापि, यह वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और यह मौजूदा जांच के दायरे पर किसी रूप में बाध्यकारी नहीं है ।

2. **समान वस्तुएं**

याचिकाकर्त्ता ने दावा किया है कि उसके द्वारा उत्पादित वस्तु संबद्ध देशों में उत्पादित वहां की मूल की या वहां से निर्यातित वस्तु के समान वस्तु हैं । किसी भी हितबद्ध पक्ष ने कोई तर्क नहीं दिया है । इसलिए प्राधिकारी ने प्रारंभिक निष्कर्षो के प्रयोजन से नियम 2 (घ) के अर्थ के भीतर यह माना है कि याचिकाकर्त्ता द्वारा उत्पादित वस्तु संबद्ध देशों से आयातित वस्तु के समान वस्तु के रूप में समझा जा रहा है ।

3. **घरेलू उद्योग**

यह याचिका घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हुए मै. अल्कालीज मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएश्न ऑफ इंडिया ने दायर की है । भारत में कास्टिक सोडा के लगभग 92 घरेलू विनिर्माता हैं यह एसोसिएशन भारत में कास्टिक सोडा के सभी घरेलू विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व करती है । इसके अलावा 12 घरेलू उत्पादकों ने स्पष्ट रूप से इस याचिका का समर्थन किया है जिनका जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु के घरेलू उत्पादन के 50 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा बनता है । याचिका का किसी भी घरेलू उत्पादक ने विरोध नहीं किया है । इसलिए याचिकाकर्त्ता पाटनरोधी नियमों के नियम 2 (ख) और 5 (क) तथा (ख) के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से याचिका दायर करने की स्थिति में है ।

4. **सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत**

धारा 9 (क)(I) (ग) के अंतर्गत किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का अर्थ है:

(i) समान वस्तु के लिए व्यापार के सामान्य रूप में तुलनीय मूल्य जब वह वस्तु निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के निमित हो जिसका निर्धारण उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार किया गया हो, या

(ii) जब व्यापार के सामान्य रूप में निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो या जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में विशेष बाजार स्थिति या बिक्री की कम मात्रा के कारण ऐसी बिक्री से उचित तुलना नहीं की जा सके तब सामान्य मूल्य इनमें से कोई एक होगा,

(क) समान वस्तु का तुलनात्मक प्रतिनिधि मूल्य जब उसका निर्यात निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी अन्य उचित देश से किया जाए जिसका निर्धारण उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार किया गया हो, या

(ख) उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत जिसमें प्रशासनिक बिक्री और सामान्य लागत तथा लाभ के लिए उपर्युक्त राशि जोड़ी गई हो जिसका निर्धारण उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार किया गया हो,

बशर्ते कि वस्तु का आयात उद्गम वाले देश से इतर किसी देश से किया गया हो तथा जहां वस्तु को निर्यात वाले देश से होकर केवल यानान्तरित किया गया हो या ऐसी वस्तु का निर्यात वाले देश में उत्पादन नहीं किया जाता हो या निर्यात वाले देश में कोई भी तुलनात्मक कीमत नहीं हो तब सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में इसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा ।

निर्यातक-वार सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के निर्धारण का उल्लेख नीचे किया गया है ।

सऊदी अरब
सामान्य मूल्य

प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि उत्पादक अर्थात् मैसर्स सऊदी पैट्रो कैमिकल कं. (एस ए डी ए एफ) अपने विपणन सहयोगी अर्थात मैसर्स सऊदी बेसिक इंडस्ट्रीज कारपोरेशन (एस ए बी आई सी) के जरिए घरेलू तौर पर बिक्री और निर्यात कर रहा है । प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि उत्पादक ने जांच अवधि के दौरान अपनी घरेलू बिक्रियों के ब्यौरे प्रदान किए हैं । प्राधिकारी आगे यह भी नोट करते हैं कि उत्पादक द्वारा की गई घरेलू बिक्रियों की दो विशिष्ट श्रेणियां हैं अर्थात ***/मी.टन से लेकर ***/मी.टन तक की मात्रा में लघु उपभोक्ताओं को की जाने वाली बिक्री और ***/मी.टन से लेकर ***/मी.टन तक की मात्रा में पाइपलाइन की आपूर्तियों के जरिए बड़े क्रेताओं को की जाने वाली बिक्री । प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि बड़े-बड़े ग्राहकों को पाइपलाइन के जरिए की गई आपूर्तियां की तुलना जांच अवधि के दौरान भारत को किए गए निर्यात सौदों की मात्रा से की जा सकती है । प्राधिकारी यह भी पाते हैं कि उत्पादक ने वर्ष 1998 और 1999 के लिए लेखा परीक्षित उत्पादन लागत उपलब्ध करवायी है । प्राधिकारी यह पाते हैं कि जांच अवधि के दौरान की गई अधिकांश घरेलू बिक्रियां उत्पादन लागत से कम कीमत पर की गई हैं और इसलिए वे व्यापार की समान्य प्रक्रिया में नहीं की गई है । अतः प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमों के अनुसार समान्य मूल्य के निर्धारण के लिए समुचित लाभ सहित

भारित औसत उत्पादन लागत का संदर्भ लिया है । यह कुछ ऐसे सौदों की घरेलू कीमत से भी मेल खाता है जो व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में किए गए हैं संबद्ध वस्तु का भारित औसत सामान्य मूल्य *** डालर बैठता है ।

कारखानागत निर्यात कीमत

प्राधिकारी नोट करते है कि उत्पादक अर्थात एस ए डी ए एफ अपने विपणन सहयोगी मैसर्स एस ए बी आई सी के जरिए भारत को निर्यात करता है निर्यातक ने जांच अवधि के दौरान भारत को किए गए निर्यात सौदों के ब्यौरे प्रदान किए हैं । प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि निर्यातक और उत्पादक के बीच की गई व्यवस्था के अनुसार निर्यातक अपने विपणन शुल्क समेत सभी कारखानागत खर्चे करता है और निवल का भुगतान वापस उत्पादक को कर देता है । प्राधिकारी ने कारखानागत निर्यात कीमत का मूल्यांकन करने के लिए समुद्री भाड़े, समुद्री बीमा, कारखानागत लागत के बाद किए गए पत्तन संबंधी व्यय, विपणन व्यय, के संबंध में समायोजनों पर विचार किया है संबद्ध वस्तु की भारित औसत कारखानागत निर्यात कीमत *** डालर/मी.टन बैठती है ।

जापान

सामान्य मूल्य

प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि जापान के संबद्ध वस्तु के निर्यातक मैसर्स मित्सुई एंड क. ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है । निर्यातक ने कहा है कि वह तीन उत्पादकों अर्थात मैसर्स असाही ग्लास क. लि., मैसर्स तोशो कारपारेशन और मैसर्स तोकुयामा कारपोरेशन द्वारा विनिर्मित सामानों का निर्यात कर रहा है । आयातकों में से एक आयातक से प्राप्त उत्तर के आधार पर प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जापान के व्यापारी मैसर्स मित्सुबिशी, ने भी उपरोक्तानुसार जांच अवधि में एक निर्यातक द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है । प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि इन निर्यातकों द्वारा यथा-निर्दिष्ट किसी भी उत्पादक ने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है । अतः प्राधिकारी जापान में सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ उपलब्ध सूचना की सीमा तक उचित समायोजन करके भागीदार घरेलू उत्पादकों के बीच न्यूनतम उत्पादन लागत का संदर्भ लेना उचित समझते हैं । जापान में सामान्य मूल्य *** डालर/मी.टन माना जाता है ।

कारखानागत निर्यात कीमत

प्राधिकारी यह बात नोट करते हैं कि मैसर्स मित्सुई एंड कं. ने जांच अवधि के दौरान भारत को किए गए निर्यातों का ब्यौरा दिया है । निर्यातक ने विदेशी भाड़े, समुद्री बीमा, नौवहन

प्रभारों,निकासी एवं हैंडलिंग बैंक प्रभारों,ब्याज,कमीशन और सेवा शुल्क के कारण क्रमशः ***,***,***,***,***,***,***, तथा *** डालर/मी.टन तक के समायोजनों का भी संकेत दिया है । प्राधिकारी ने आयातकों में से एक आयातक अर्थात मैसर्स नालको के प्रत्युत्तर के आधार पर और औसत समायोजनों के आधार पर जैसाकि मैसर्स मित्सुई एंड कंपनी द्वारा बताया गया है, निर्यातकों के लिए *** डालर प्रति मी.टन कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत का निर्धारण किया है ।

इरान

सामान्य मूल्य

प्राधिकारी नोट करते है कि इरान के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है । प्राधिकारी आयातकों में से एक आयातक नामतः मैसर्स नालको द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तरों से यह नोट करते हैं कि मैसर्स पैट्रो कैमिकल कमर्शियल कं. (पी सी सी) तेहरान,इरान द्वारा विनिर्मित वस्तु का निर्यात उसके व्यापारी मैसर्स बल्ली पैट्रो कैमिकल्स लि.,लंदन और मैसर्स एमगल्फ पोलिमर्स एंड कैमिकल्स लि., यू ए ई द्वारा भी किया गया है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्त्ता ने सऊदी अरब और इरान दोनों के लिए भारतीय उत्पादन लागत पर आधारित *** डालर/मी.टन की सीमा तक परिकलित सामान्य मूल्य के आधार पर सूचना प्रदान की है । इसलिए इरान से कोई प्रत्युत्तर नहीं मिलने की स्थिति में प्राधिकारी ने इरान में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए सर्वोत्म उपलब्ध सूचना का संदर्भ लेना उपयुक्त माना है । चूंकि प्राधिकारी के पास सऊदी अरब में उपलब्ध संबद्ध वस्तु के उत्पादन लागत के ब्यौरे हैं इसलिए वह इरान के लिए उसी उत्पादन लागत का संदर्भ लेना उपयुक्त समझते है क्योंकि सऊदी अरब और इरान इन दोनों के उत्पादक मेम्ब्रेन प्रक्रिया की प्रौद्योगिकी उपयोग करके कास्टिक सोडा का उत्पादन करते है और ये दोनों देश भौगोलिक दृष्टि से समीपवर्त्ती होने के कारण तुलनीय हैं । इसलिए इरान में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य का संदर्भ *** डालर/मी.टन पर लिया गया है ।

कारखानाद्वार पर निर्यात कीमत

प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातकों में से एक आयातक नामतः मैसर्स नालको ने जांच अवधि में इरान से हुए संबद्ध वस्तु के आयातों के ब्यौरे दिए हैं । आयातक द्वारा उपलब्ध किए गए आकड़ों और याचिकाकर्त्ता द्वारा दिए गए आकड़ों के आधार पर प्राधिकारी ने समुद्री-भाड़ा, समुद्री बीमा और पत्तन खर्चों के संबंध में क्रमशः ***,*** और *** डालर/मी.टन की सीमा तक समायोजनों की अनुमति दी है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि एक व्यापारी के जरिए उक्त वस्तु का निर्यात किया जा रहा है जैसाकि उपर्युक्त पैरा में भी उल्लेख किया गया है । इसलिए प्राधिकारी

कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत का मुल्यांकन करने के उद्देश्य से कमीशन प्रभारों के कारण *** प्रतिशत का समायोजन प्रदान करते हैं । भारित औसत कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत *** डालर/मी.टन निकलती है ।

यू एस ए

सामान्य मूल्य

प्राधिकारी नोट करते हैं कि मैसर्स डोव कैमिकल्स कं. ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है । मैसर्स डोव कैमिकल्स कं. ने बताया है कि उन्होंने जांच अवधि के दौरान अगस्त,99 में भारत को केवल एक निर्यात बिक्री की है । उन्होंने आगे और यह बताया है कि वह उपयुक्त यथार्थ तुलना करने के प्रयोजनार्थ अगस्त,1999 माह के दौरान घरलू बिक्री की आपूर्ति करेगा । तथापि, प्राधिकारी का मानना है कि उत्पादक को पूर्ण रूप से प्रश्नावली का प्रत्युत्तर देना आवश्यक है । तथापि, जैसाकि उत्पादक द्वारा बताया गया है घरेलू बिक्री के सौदों का भी कोई ब्यौरा नहीं दिया गया है । ऐसी स्थिति में प्राधिकारी के पास यू एस ए में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य के संबंध में उत्पादक से प्राप्त कोई सूचना नहीं है । प्राधिकारी आगे नोट करते है कि याचिकाकर्त्ता ने भारतीय उद्योग की उत्पादन लागत के आधार पर परिकलित उत्पादन लागत पर आधारित यू एस ए में सामान्य मूल्य प्रस्तुत किया है । प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि याचिकाकर्त्ता ने गौण स्रोत क्लोर एल्काली में यथा-निर्दिष्ट यू एस ए में कास्टिक सोडा की तत्स्थानी कीमतें उपलब्ध की हैं । प्राधिकारी ने इस जांच में शामिल घरेलू उत्पादकों की न्यूनतम उत्पादन लागत के आधार पर यू एस ए मे सामान्य मूल्य का संदर्भ लेना उचित समझा है, और इसे गौण स्रोत अर्थात क्लोर एल्काली में दर्शाई गई संबद्ध वस्तु की तत्स्थानी कीमतों से भी सह संबद्ध किया है । यू एस ए में संबद्ध वस्तु का भारित औसत सामान्य मूल्य *** डालर/मी.टन बनता है ।

कारखाना द्वारा पर निर्यात कीमत

प्राधिकारी नोट करते है कि निर्यातक ने एक निर्यात बिक्री का ब्यौरा नहीं दिया है जो भारत को जांच अवधि के दौरान की गई है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है । प्राधिकारी ने आयातकों में से एक आयातक नामतः मैसर्स नालको द्वारा सूचित की गई निर्यात बिक्रियों को सी आई एफ का संदर्भ लिया है और व्यापारी को समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, पत्तन खर्चों और कमीशन के संबंध में क्रमशः ***,***,***,और *** डालर/ मी.टन की सीमा तक समायोजनों की अनुमति दी है, जैसाकि कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत का आकलन करने के लिए याचिकाकर्त्ता द्वारा बताया गया है । कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत *** डालर/मी.टन निकलती है ।

फ्रांस

सामान्य मूल्य

प्राधिकारी नोट करते हैं कि फ्रांस के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है । इसलिए, प्राधिकारी ने जांच में शामिल घरेलू उत्पादकों के बीच उचित लाभ के साथ न्यूनतम उत्पादन लागत के आधार पर फ्रांस में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य का संदर्भ लिया है । जांच अवधि में संबद्ध वस्तु का भारित औसत सामान्य मूल्य *** डालर/मी.टन निकलता है ।

कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत

प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातकों में से एक आयातक अर्थात् मैसर्स ट्रांसपैक ने जांच अवधि में फ्रांस से भारत को हुए निर्यात की सी आई एफ कीमतों के ब्यौरे दिए हैं । प्राधिकारी ने कारखाना द्वार पर निर्यात कीमत का निर्धारण करने के प्रयोजन से याचिकाकत्ता द्वारा बताए गए अनुसार ***, ***, *** और *** डालर/मी0टन की मात्रा तक कमीशन, पत्तन व्यय, समुद्री बीमा तथा समुद्री भाड़े के संबंध में समायोजन की अनुमति दी है । कारखाना द्वारा पर निर्यात कीमत *** डालर/मी0 टन बैठती है ।

5. पाटन-सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत की तुलना

तुलना संबंधी नियमों में नियमानुसार व्यवस्था है:-

"पाटन का मार्जिन निकालते समय निर्दिष्ट प्राधिकारी निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य के बीच एक उचित तुलना करेगा । यह तुलना व्यापार के एक समान स्तर पर सामान्यतया कारखाना द्वार स्तर पर की जाएगी और यथासंभव उसी समयावधि के दौरान की गई बिक्रियों के संबंध में की जाएगी । जो अंतर कीमत तुलनीयता पर प्रभाव डालते हैं उनके लिए प्रत्येक मामले में गुण दोष के आधार पर उचित छूट दी जाएगी । उक्त अंतर में बिक्री की शर्तें, कराधान व्यापार के स्तर, मात्राएं, भौतिक विशेषताएं तथा अन्य ऐसे अंतर शामिल हैं जो कीमत तुलनीयता को प्रभावित करने के लिए प्रदर्शित किए जाते हैं ।"

प्राधिकारी ने सम्बद्ध देशों के सभी उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन का मूल्यांकन करने के प्रयोजनार्थ भारित औसत सामान्य मूल्य की तुलना भारित औसत निर्यात कीमत के साथ की है ।

निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार निकलता है:

निर्यातक	सामान्य मूल्य डालर/मी. टन	निर्यात कीमत डालर/मी. टन	पाटन मार्जिन निर्यात कीमत के % के रूप में
यूएसए			
मैसर्स डोव कैमिकल कंपनी	*****	*****	147.46
अन्य सभी निर्यातक/उत्पादक	*****	*****	147.46
फ्रांस			
सभी निर्यातक/उत्पादक	*****	*****	300.66
ईरान			
सभी निर्यातक/उत्पादक	*****	*****	27.74
जापान			
सभी निर्यातक/उत्पादक	*****	*****	187.15
सऊदी अरब			
उत्पादक एसएडीएएफ के साथ एसएबीआईसी निर्यातक के रूप में	*****	*****	56.62
अन्य सभी निर्यातक/उत्पादक	*****	*****	149.32

6. क्षति एवं कारणात्मक संबंध

उपरोक्त नियम 11, अनुबंध-II के तहत जब क्षति के बारे में किसी निष्कर्ष पर पंहुचा जाता है तो इस प्रकार के निष्कर्ष में ".....पाटित आयातों की मात्रा, घरेलू बाजार में समान वस्तुओं की कीमतों पर उनके प्रभाव तथा इस प्रकार की वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निर्धारण शामिल होगा....." । कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय यह जांच करना आवश्यक समझा जाता है कि पाटित आयातों के कारण भारत में समान वस्तुओं की कीमत की तुलना कीमत में कोई उल्लेखनीय गिरावट आई है अथवा नहीं अथवा क्या इस प्रकार के आयातों से कीमतों में अन्यथा उल्लेखनीय स्तर तक गिरावट आई है, कीमत वृद्धि में अन्यथा रुकावट आई है जो कि अन्यथा उल्लेखनीय स्तर तक बढ़ गई होती ।

भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए हम उक्त नियमावली के अनुबंध-II (IV) के अनुसार ऐसे संकेतकों पर विचार कर सकते हैं जो उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालते हैं जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री की मात्रा, भंडार, लाभ प्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति आदि ।

प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि

क) पिछले वर्षों अर्थात् 97-98 और 96-97 से जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री तथा बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है । ये ब्यौरे निम्नानुसार हैं-

वर्ष	उत्पादन (मी0 टन में)	बिक्री (मी0 टन में)	बाजार हिस्सा (मी0 टन में)
1996-97	586486	646909	89.72
1997-98	654876	657029	83.38
जांच अवधि(वार्षिक)	760513	716809	88.31

ख) सम्बद्ध वस्तु की मांग 1996-97 में 622718 मी0 टन से बढ़कर 1997-98 में 692161 मी0 टन तथा जांच अवधि में बढ़कर 738247 मी0 टन (वार्षिक) तक हो गई है ।

ग) जांच अवधि (वार्षिक) में सम्बद्ध देशों से हुए आयातों की समग्र मात्रा 1997-98 में 115000मी0 टन से घटकर 76350 मी0 टन हो गयी हैं । तथापि, सम्बद्ध वस्तुओं के कुल आयातों में हिस्से की प्रतिशतता के रुप में सम्बद्ध देशों का हिस्सा 1997-98 के 76 % की तुलना में जांच की अवधि में बढ़कर 88.5 % तक सुधार हो गया है ।

घ) घरेलू उद्योग के लिए निवल बिक्री प्राप्ति 1996-97 में 11938 रु0/मी0 टन से घटकर 97-98 में 10067 रु0/मी0टन हो गई है और जांच अवधि में और अधिक घटकर वह 9855रु0/मी0टन हो गई है ।

ड.) जांच अवधि में घरेलू उद्योग के लिए निवल बिक्री प्राप्ति क्षतिरहित कीमत से कम रही है ।

च) घरेलू उद्योग ने 97-98 में *** रु0/मी0 टन का वित्तीय घाटा उठाया है जो कि जांच अवधि में बढ़कर *** रु0/मी0टन हो गया है ।

छ) चूंकि संबद्ध वस्तु की मांग बढ़ रही है और घरेलू उद्योग की क्षतिरहित बिक्री कीमत का आकलन कच्चे माल के सर्वोत्तम इस्तेमाल, उपभोज्य वस्तुओं एवं उपयोगिताओं के प्रसामान्यीकरण और बैंचमार्किंग करके इष्टतम उत्पादन लागत को ध्यान में रखकर किया गया है इसलिए घटी हुई निवल बिक्री प्राप्ति तथा वित्तीय घाटे से संबंधित संकेतकों से संचयी एवं समग्र रुप से यह सिद्ध होता है कि पाटन के कारण घरेलू उद्योग को क्षति पंहुची है ।

7. **भारतीय उद्योग के हित एवं अन्य मुद्दे**

कुछ हितबद्ध पक्षों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से उत्पादकों द्वारा एकाधिकार की स्थिति उत्पन्न कर दी जाएगी और इससे उपभोक्ता उद्योग पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि वे घरेलू उद्योग की दया पर निर्भर हो जाएंगे । इसके अलांवा, कुछ हितबद्ध पक्षों ने यह उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग उनकी अपेक्षाओं के अनुसार माल की पूरी आपूर्ति नहीं करता है और वह माने गए निर्यातों के अंतर्गत संबद्ध वस्तु की पेशकश नहीं करता है । प्राधिकारी ने उपरोक्त तर्कों पर विचार किया है और यह माना है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने का उद्देश्य सामान्यतः उस पाटन को समाप्त करना है, जो घरेलू उद्योग को क्षति पंहुचा रहा है तथा भारतीय बाजार में खुली एवं समुचित प्रतिस्पर्धा की स्थिति पुनः स्थापित करना है जो कि देश के सामान्य हित में है । यह माना जाता है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से सम्बद्ध वस्तुओं के उपयोग से विनिर्मित उत्पादों के कीमत स्तर प्रभावित होंगे और परिणामस्वरुप इन उत्पादों की तुलनात्मक प्रतिस्पर्धात्मकता पर प्रभाव पड़ सकता है । किन्तु, पाटनरोधी उपायों से भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा कम नहीं होगी । इसके विपरीत, पाटन द्वारा प्राप्त होने वाले अनुचित लाभों को समाप्त किया जा सकेगा, भारतीय उद्योग के ह्रास को रोका जा सकेगा और इस प्रकार सम्बद्ध वस्तु के उपभोक्ताओं के लिए व्यापक विकल्प उपलब्ध रहेगा । पाटनरोधी उपायों से सम्बद्ध देशों से आयात किसी भी प्रकार कम नहीं होगें, इसलिए उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद की उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा ।

8. **पंहुच मूल्य**

इस उद्देश्य के लिए आयातों का पंहुच मूल्य सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1962 के अंतर्गत सीमाशुल्क विभाग द्वारा यथानिर्धारित आकलनीय मूल्य होगा उसमें सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 3,3क, 8ख, 9,9क के अंतर्गत लगाए गए शुल्कों को छोड़कर सीमाशुल्क के लागू स्तर शामिल होंगे ।

9. **असहयोगी निर्यातकों का निर्धारण**

असहयोगी निर्यातकों (जिन्हें अन्य निर्यातकों की श्रेणी के रुप में दर्शाया गया है) के संबंध में प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि एसएडीएएफ तथा इसके सहयोगी निर्यातक एसएबीआईसी को

छोड़कर, संबद्ध वस्तु के किसी भी उत्पादनकर्त्ता ने अपेक्षित सूचना उपलब्ध नहीं करवाई है । इसलिए, प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ता द्वारा उपलब्ध करवाए गए आंकड़ों का संदर्भ लिया है और सामान्य मूल्य तथा कारखानागत निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए इसे जांच अवधि में न्यूनतम निर्यात कीमत के साथ सह-संबद्ध किया है । प्राधिकारी ने असहयोगी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु परिकलित लागत प्रणाली अपनाई है ।

घ. **निष्कर्ष**

पूर्वोक्त पर विचार करने के पश्चात यह देखा गया है, कि:

क. संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित सभी रुपों में संबद्ध वस्तु का उसके सामान्य मूल्य से कम कीमत पर भारत को निर्यात किया गया हैं ।

ख. पाटित संबंद्ध वस्तु की कम पहुंच कीमतों के कारण हुई कीमत घटोतरी की वजह से घटी हुई निवल बिक्री प्राप्ति के कारण वित्तीय घाटे के रुप में घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति पंहुची है।

ग. संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन के कारण घरेलू उद्योग को क्षति पंहुची है ।

घ. प्राधिकारी संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित अध्याय 28 के अंतर्गत आने वाली संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं ।

ड. पाटन मार्जिन के बराबर पाटनरोधी शुल्क की राशि की सिफारिश करने पर विचार किया गया था ताकि पाटन के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दूर किया जा सके । तदनुसार, यह प्रस्ताव किया जाता है कि अंतिम निर्धारण होने तक सीमाशुल्क टैरिफ के अध्याय 28, सीमाशुल्क उपशीर्ष 2815.11 तथा 2815.12 के अंतर्गत आने वाली सउदी अरब, इरान, जापान, यूएसए तथा फ्रांस के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी आयातों पर केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से अनंतिम पाटनरोधी शुल्क लगाया जाए । पाटनरोधी शुल्क नीचे कॉलम 3 मे उल्लिखित राशि तथा डालर/मी0टन में आयातों के पंहुच मूल्य के बीच का अंतर होगा ।

क्रम सं.	निर्यातक/उत्पादक का नाम	राशि (अमरीकी डालर/मी. टन)
1.	**यूएसए**	
	मैसर्स डोव कैमिकल कंपनी	345.44
	अन्य सभी निर्यातक/उत्पादक	345.44
2.	**फ्रांस**	
	सभी निर्यातक/उत्पादक	307
3.	**ईरान**	
	सभी निर्यातक/उत्पादक	269.75
4.	**जापान**	
	सभी निर्यातक/उत्पादक	347.11
5.	**सऊदी अरब**	
	उत्पादक एसएडीएएफ निर्यातक के रूप में एयएबीआईसी के साथ	270.68
	अन्य सभी निर्यातक/उत्पादक	256.38

ड. आगे की प्रक्रिया

प्रारम्भिक निष्कर्षों को अधिसूचित किए जाने के बाद निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगाः

क. प्राधिकारी इन निष्कर्षों के संबंध में सभी हितबद्ध पक्षों के विचार आमंत्रित करेंगे और अंतिम निष्कर्षों में उन पर विचार किया जाएगा ;

ख. निर्यातकों, आयातकों, याचिकाकर्त्ता तथा संबंद्ध समझे जाने वाले अन्य हितबद्ध पक्षों को प्राधिकारी द्वारा अलग से लिखा जा रहा है जो कि इस पत्र को भेजने की तिथि से चालीस दिनों के भीतर अपने विचारों से अवगत करवा सकते हैं । कोई अन्य हितबद्ध पक्ष भी इन निष्कर्षों के प्रकाशन की तारीख से चालीस दिनों के भीतर अपने विचारों से अवगत करवा सकता है ।

ग. प्राधिकारी आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन करेंगे ।

घ. प्राधिकारी द्वारा मौखिक अनुरोध हेतु सभी हितबद्ध पक्षों को अवसर प्रदान किया जाएगा जिसके संबंध में सभी ज्ञात हितबद्ध पार्टियों को तारीख और समय की सूचना अलग से दी जाएगी।

ड. प्राधिकारी अंतिम निष्कर्ष घोषित करने से पूर्व आवश्यक तथ्यों का खुलासा करेंगे ।

एल. वी. सप्तऋषि, निर्दिष्ट प्राधिकारी

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY
(DIRECTORATE GENERAL OF ANTI-DUMPING AND ALLIED DUTIES)
NOTIFICATION
New Delhi, the 16th November, 2000
Preliminary Findings

Sub: Anti-Dumping Investigation concerning import of Sodium Hydroxide commonly known as Caustic Soda from Saudi Arabia, Iran, Japan, USA and France

56/1/99-DGAD.— Having regard to the Customs Tariff Act 1975 as amended in 1995 and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Anti-Dumping Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995, thereof:

A. PROCEDURE

1. The procedure described below has been followed with regard to the investigation:

i) The Designated Authority (hereinafter also referred to as Authority), under the above Rules, received a written application from the Petitioner M/s Alkali Manufacturers Association of India (AMAI) on behalf of domestic industry, alleging dumping of Sodium Hydroxide commonly known as Caustic Soda (hereinafter also referred to as subject goods) originating in or exported from Saudi Arabia, Iran, Japan, USA, France, Indonesia and Pakistan.

ii) Preliminary scrutiny of the application filed by the petitioner revealed certain deficiencies, which were subsequently rectified by the petitioner. The petition was, therefore, considered as properly documented.

iii) The Authority on the basis of sufficient evidence submitted by the petitioner decided to initiate the investigation against imports of subject goods from Saudi Arabia, Iran, Japan, USA and France (hereinafter referred to as subject countries). The imports of subject goods from Indonesia were observed to be deminimus and no substantive evidence on imports of subject goods from Pakistan was furnished by the petitioner and hence both the subject countries were excluded from the scope of the present anti-dumping investigations. The authority notified the Embassies of Saudi Arabia, Iran, Japan, USA and France in New Delhi about the receipt of dumping allegation before proceeding to initiate the investigation in accordance with sub-Rule 5(5) of the Rule.

iv) The Authority issued a public notice dated 26.5.2000 published in the Gazette of India, Extraordinary, initiating anti-dumping investigations concerning imports of the subject goods classified under custom Code 2815.11 and 2815.12 of Schedule I of the Customs Tariff Act, 1975 originating in or exported from Saudi Arabia, Iran, Japan, USA and France.

